**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 08-03-2007**

**Participants : Vasava Shri Mansukhbhai D.**

Title: Need to provide adequate irrigation facilities in tribal areas of Bharuch, Gujarat.

**श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) :** महोदय, देश में आदिवासी क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा न के बराबर है। आदिवासी क्षेत्रों में आदिवासी लोग बरसात के पानी से अपने खेतों की सिचांई करते हैं, जिसके कारण पर्याप्त बरसात नहीं होने से आदिवासी लोगों के खेतों में फसल नहीं हो पा रही है। एक ओर तो सरकार आदिवासी क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था नहीं कर रही है और दूसरी ओर वन एवं पर्यावरण विभाग के नियमों के कारण डैम एवं नहर इत्यादि नहीं बन पा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के नर्मदा जिले के डेडीनापाडा और सागबाडा में सिंचाई के अभाव में गत पांच एवं छः सालों से आदिवासी लोगों की फसल लगातार चौपट हो रही है।

सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में आदिवासी क्षेत्रों के साथ देश के अन्य आदिवासी क्षेत्रों में सिंचाई की पर्याप्त सुविधा प्रभावी ढंग से दिलवाई जाये।